स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 27.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों का किया ऑडिट

भिलाईनगर/स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 की तैयारी नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा प्रारम्भ किया गया है जिसमें नगर पालिक निगम, भिलाई की टीम द्वारा सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण पीआईयू एवं पीएमयू द्वारा आयुक्त महोदय के निर्देश पर किया जा रहा है। जिसमें शौचालयों के मुलभुत सुविधाओं के आधार पर रैंकिग की जावेगी। जैसे– पानी की उपलब्धता, नहाने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, महिला एवं पुरुष के लिए अलग–अलग ब्लॉक, बच्चों एवं दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था के आधार पर शहर में स्थित समस्त सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों के निरीक्षण के उपरान्त अंक दिये जायेंगे। अंको के आधार पर सर्वश्रेष्ठ शौचालय का चयन किया जायेगा।

आयुक्त महोदय द्वारा सभी जोन आयुक्त को शौचालयों की व्यवस्था सुधारने हेतु पूर्व में निर्देश दिये जा चुके हैं।

जन सम्पर्क अधिकारी